नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में संपन्न हुई गोवर्धन पूजा

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के मागदर्शन में गोवर्धन पूजा, अधारताल स्थित पशुधन प्रक्षेत्र में संपन्न हुई। हिंदू पंचाग के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल व पक्ष प्रतिप्रदा तिथि को गोवर्धन पूजा की परम्पंरा है। गोवर्धन पूजा को अन्नककूट के नाम से भी जाना जाता है। हर साल दिपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की जाती है परंतु इस वर्ष 25 अक्टूबर को सूर्यग्रहण लगने के कारण पूरे देश से 26 अक्टूबर के दिन गोवर्धन पूजा की गई। इस दिन प्रातरू गाय एवं गाय के गोबर से बने हुए गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर उसके पूजन करने की परंपरा है। भारतीय संस्कृति की इसी परंपरा का पालन करते हुए हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी गौवंश एवं गोवर्धन पूजन पूर्ण श्रद्धा एवं भक्ति के साथ संपन्न हुई। इस पूजन में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.के. जोशी, संचालक अनुसंधान सेवायें, डॉ. मधुस्वामी, अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा, संचालक पशुधन प्रक्षेत्र डॉ. जी.पी. लखानी, संचालक जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र डॉ. ए.पी. सिंह, प्रबंधक पशुधन प्रक्षेत्र डॉ. शिवांगी शर्मा एवं डॉ. पी.के. सिंह, डॉ. राजकुमार पटेल, डॉ. आशीष सोनी, डॉ. अभिषेक बिसेन उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
न.दे.प.चि.विविजबलपुर